प्रिय माँ और बाप,

हमें आपके बेटे या बेटी, हमारे नए नन्हे साथी नागरिक का स्वागत करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है। हम आपको और आपके बच्चे या बच्ची को एक सुखी और संपूर्ण जीवन के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं भेजते हैं।

हमारी म्युनिसिपेलिटी राष्ट्रीय कार्यक्रम ("पढ़ने के लिए पैदे हुए") का पालन करती है, जो पहले महीनों से ही परिवार में साझा पढ़ने को बढ़ावा देता है।

जैसा कि आप जानते हैं, बच्चे के जीवन के पहले वर्ष उसके विकास के लिए मौलिक होते हैं। वैज्ञानिक शोध से पता चलता है कि जन्म से ही बच्चे या बच्ची को जोर से पढ़कर कहानियाँ सुनाना न केवल भाषा और विचार के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, बल्कि उसकी भावनाओं और मस्तिष्क के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है।

माता-पिता या देखभाल करने वाले किसी के साथ मिलकर किताब पढ़ना बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है और इससे उनके बीच गहरा भावनात्मक बंधन बनता है। इसका अन्य लोगों के साथ हमारे संबंधों पर असाधारण प्रभाव पड़ता है। आपके बच्चे या बच्ची को भी पढ़ना अच्छा लगेगा क्योंकि इससे उसे साथ बिताए खूबसूरत पल याद आएँगे।

Jesi के **Biblioteca Comunale Planettiana - Sezione Ragazzi** के माध्यम से, हमने परिवारों को एक साथ मिलकर पढ़ने में और भी अधिक मदद करने का निर्णय लिया है: हम अपने समुदाय में प्रत्येक नए लड़के या लड़की को एक किताब दान करेंगे।

आपको पढ़ने के लाभों को बेहतर ढंग से समझने और आपको अपने बच्चे के साथ पढ़ने के लिए किताब देने के लिए,
हम आपको लाइब्रेरी आने के लिए आमंत्रित करना चाहते हैं**,**
**Biblioteca Planettiana Sezione Ragazzi (via San Giuseppe 36)** आइए
शनिवार**, 24** मई **2025,** शाम **5:00** बजे।

इस अवसर पर लाइब्रेरी शाम के 4:00 बजे से 7:00 बजे तक खुला रहेगा। आप अपने बच्चे या बच्ची को लाइब्रेरी में फ़्री रजिस्ट्रेशन भी करा सकते होंगे, ताकि आप साथ मिलकर पढ़ने के लिए बहुत सारी किताबें उधार ले सकें!

यदि आप उस दिन नहीं आ सकते तो आप लाइब्रेरी के खुलने के समय के दौरान उपहार किताब प्राप्त कर सकते हैं। समय लिफाफे में मिले बुकमार्क पर लिखा है।

आप सभी को एक अच्छी यात्रा के लिए तथा अपने बच्चे या बच्ची के साथ पढ़ने के लिए अनेक सुन्दर कहानियाँ के लिए बहुत शुभकामनाएँ।

मेयर, सर Lorenzo Fiordelmondo

संस्कृति वाले म्युनिसिपेलिटी कौंसिलोर, सर Luca Brecciaroli

शिक्षा और प्रशिक्षण नीतियों और रजिस्ट्री ऑफिसर कौंसिलोर, मैडम Emanuela Marguccio

लाइब्रेरी स्टॉफ़